CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स्वरतालसमूह

7·3

अ० 3/69
आम्नाय-ग्रन्थालय,
भारतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

लय
णसी-५
69

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

॥ श्रीः ॥

॥ लक्ष्मीवेङ्कटेश्वराय नमः ॥

स्वरतालसमूह.

जिसको

अचलदासस्यात्मज-बखतावरसिंह सहिवाला ज्ञाति
कायस्थ भटनागर, निवासी शहर उदयपूर,
राजधानी मुल्क मेदपाठ विख्यात मेवाड
राजपूताना इन्होंने बनाया.

उसको

गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास
अध्यक्ष "लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर" छापेखानेमें
मैनेजर पं० शिवदुलारे वाजपेयीने
छापकर प्रसिद्ध किया.

शके १८३७, संवत् १९७२.

सन् १९१५

कल्याण-मुंबई.

रजिष्टरी सब हक यन्त्राधिकारीने अपने आधीन रक्खे हैं.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वास्ते लिखता है और इसमें स्वर, श्रुति, मूर्छना, राग, रागिणी, पुत्र, भार्या, लयादिका वर्णन, ठेका, पखवाजकी परनें, सितारकी गतें तोडे, फीरोजखानी, मशीतखानी बाजकी, बोल, तराना, चतुरङ्ग, सर्गम सब तालोंमें बनाकर लिखी है और आलाप जोडभी लिखा है कि, जिसके द्वारा सीखनेवालेको सब तालोंका ज्ञान पूरा पूरा हो जावेगा. कुछ बोल प्राचीन लिखे गये हैं, बाकी सब इस तुच्छबुद्धिवालेके बनाये हुए हैं. रसिकमहाशयोंको उचित है कि इस पुस्तकको अच्छी रीतिसे चित्त लगाकर पढें और इसमें लिखित बातोंसे यथोचित ज्ञान प्राप्त करें तत्पश्चात् सितार अथवा दूसरे बाजेके सीखनेमें या गानेमें यथारुचि श्रम करें तो आशा है कि, आनन्द प्राप्त होगा. अभिलाषी मनुष्योंको उचित हैं कि चित्त लगाकर परिश्रम करें क्योंकि विशेषकर इस विद्यामें श्रम मुख्य फलदायक है, जो मनुष्य परिश्रम करेंगे, आनंदलाभको प्राप्त होंगे. इस ग्रंथके बनानेमें कई प्राचीन ग्रंथोंसे और अच्छे विद्वानोंसे सम्मति ली गई है विशेषकर सहायता ठा॰ गोवर्धनसिंह फरुखाबादीसे मिली है जो खाबियेमियां गुलामलीखान रामपुरी सरकार ग्वालियरके नोकरका शिष्य है, ये वर्तमानकालमें इस विद्याके अच्छे ज्ञानी हैं इस पुस्तकका नाम स्वरतालसमूह रक्खा जाता है. इसमें जो भूल चूक हो उसको सज्जनपुरुष क्षमा करें. इस पुस्तकमें लिखी हुई सब बातोंको अच्छे प्रकार समझनेके कारण निम्नलिखित सूचनापर अच्छे प्रकारसे ध्यान रखना चाहिये.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मङ्गलाचरण।

धन्य है वह परमात्मा सच्चिदानन्द परमेश्वर, जिसने इस संसारमें स्थावर, जङ्गम, देव, मनुष्यादि उत्पन्न किये और जो इन सबोंका पालन पोषण यथोचित करता है, नाना प्रकारके पदार्थोंसे सबोंकी कामना सिद्ध करता है, इस तरह सर्वशक्तिमान् जगदीश्वर यथारुचि कार्य करता है. उसका जितना यश गाया जावे उतना बहुत थोडा है. अच्छे अच्छे विद्वानोंने उसके गुणोंकी प्रशंसा करनेमें कई ग्रन्थ रचे तौभी उसकी लीलाका पार नहीं पाया और न कोई पावेगा. तो मुझ अल्पबुद्धिका क्या सामर्थ्य है, कि कुछ कहूं ब्रह्मस्वरूपकी माया तो अपरम्पार है. जगत्में कई विद्या प्राचीन हैं उनमेंसे एकका नाम सङ्गीत है, जो बहुत प्राचीन है. सदैव हरिस्मरण इसीमें होता आया है. क्यौं कि स्वर परब्रह्मस्वरूप है और लय मायास्वरूप है. स्वर और लयको पहँचानना वही ईश्वरका ज्ञान है. उपरांत इसमें एक लाभ औरभी है कि इसमें सांसारिक व्यवहारमें चित्तको आनन्द प्राप्त होता है. इस विद्यामें कई ग्रन्थ संस्कृतभाषामें हैं इससे संस्कृत जाने विना उससे लाभ नहीं मिल सक्ता है. इस विद्याके अच्छे अच्छे विद्वान् हुए हैं उनकी प्रशंसा और कर्तव्यतासेभी कई ग्रन्थ भरे हैं और उन्होंनेभी कई ग्रन्थ लिखे हैं, जिनमें हरिस्[illegible] गाया है, परन्तु केवल इन पुस्तकोंहीसे यह विद्या अभ्यास विना अच्छे प्रकारसे समझमें [illegible] इस विद्याको सीखनेमें मनुष्य प्राचीन समयसे बहुत रुचि रखते हैं, धनाढ्य और निर्धन सभही इसके सीखनेमें यथाशक्ति श्रम करते हैं, इस वर्तमान समयमेंभी इसके अच्छे अच्छे विद्वान् प्रतिष्ठित हैं. परन्तु हर मनुष्यको उनसे इस विद्याका ग्रहण करना और वर्षोंतक श्रम करना बहुत कठिन है क्यौं कि स्वर व लयको सिद्ध करना कई वर्षोंका काम है. इसी हेतुसे गाना कठिन समझकर बुद्धिमानोंने बाजे, वीन, रबाब सरोदादि बनाये जो संसारमें प्रचलित हैं. इनसेभी और सुगमताके कारण सितार बनाया जिसका अभ्यास इस समय विशेष किया जाता है. सितारकी गत तोडे विद्वानोंने बनाकर अच्छी पुस्तकें मुद्रित करा दी हैं, जिनसे सीखनेवालोंको बहुत सहायता मिलती है परंतु विना शिक्षकके सिखाये एकाएक कहीं उनसे कोई सहायता नहीं मिल सक्ती है, क्यौं कि पहले सितार उस्तादसे सीखे फिर किताबसे तो फायदा होगा. इन पुस्तकोंमें विशेषकर ताल तिताला लिखी गई है इस कारणसे दूसरी तालोंका ज्ञान मनुष्यको नहीं होता है इस हेतुसे अकिञ्चन अचलदासस्यात्मज बखतावरसिंह सहिवाला, ज्ञाति कायस्थ भटनागर, निवासी शहर उदयपुर, राजधानी मुल्क मेदपाट विख्यात मेवाड राजपूताना अपनी अल्पबुद्धिके अनुसार इस पुस्तकमें सब तालोंको जो वर्तमान समयमें काममें आती हैं, इस विद्याके अभिलाषी सज्जनोंके

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सूचना.

सरगम, तराना, चतुरंग व सितारके बाजकी गतें, तोडे, बोल व पखावजकी परनोंमें ऊपर जो अंक गिनतीके लिखे हैं. वे तालक अंक हैं. जिस बोलपर अंक हैं, उसको वह ताल समझना चाहिये. एक दो, तीन, चार वगैरह और जहां सम आया वहां ' स ' व जहां खाली आई वहां ' ख ' लिखी है और जिस तालमें सम आगे पीछे आया है वहां वैसाही लिख दिया है. जर्बके साथ सम आया तो वहां जर्बके साथ लिखा है और जर्बके आगे आया तो आगे लिखा है, सो समझ लेना चाहिये, सितारकी गतों व तोडोंके नीचे गिनतीके अंक लिखे हैं वे स्वरोंकी समझके वास्ते लिखे हैं. सितारके पर्दोंकी गिनती मुजब जिस बोलके नीचे अंक हैं, उस पर्देपर वह बोल लगाया जावे तो वह स्वर बोलेगा. यह गिनती सितारके पर्दोंकी हैं. इसी मुजब याने येही स्वर आलाप अंतरा आभोग व सरगमके समझना चाहिये और येही जोडकेभी हैं. यह खयाल शायकीन् फरमा लेंगे. सितारमें सोलह पर्दे होते हैं उनकी गिनती इस तरहपर लगाई गई है याने सितारकी खूंटियोंकी तरफ़से गिनती शुरु की है. इस तरफ़से पहला पर्दा कडी मध्यमका है, दूसरा पंचमका, तीसरा धैवतका, चौथा उतरी निषादका, पांचवां निषादका, छठा षड्जका याने स्वरका, सातवां ऋषभका, आठवां गांधारका, नववां मध्यमका, दसवां कडी मध्यमका, ग्यारहवां पंचमका बारहवां धैवतका, तेर८ निषादका, चौदहवां टीपका, पन्द्रहवां ऋषभका, सोलहवां गांधारका है और किताबमें कई जगहपर बोलके नीचे सतरहका अंक लिखा है वह सतरहवां सितारका पर्दा मध्यम समझना चाहिये. यह जिस जगह आवे वहां मध्यम स्वर लगाया जावे. सितारमें सोलहवें पर्दे गांधारपर मींड देकरभी मध्यम बोला जावे. इस लिखे मुजब अच्छी तरह समझ लेना चाहिये और इसी तरह ऊपरके पर्दोंमें जहां दूसरा पर्दा है वह पंचमका है. सितारमें तार बाज खुले बोलनेसे उतरी मध्यमस्वर बोलेगा इसके वास्ते अक्षरके नीचे ० ऐसा चिह्न लगाया है. यह ख्याल रखना चाहिये. कहीं २ टीपके वास्ते ' ट ', कडीके वास्ते ' क ', दमके वास्ते ' द ' और मींडके वास्ते ' म ' अक्षरके ऊपर लगाया है.

पुस्तक मिलनेका ठिकाना—
गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास,
' लक्ष्मीवेंकटेश्वर ' छापाखाना,
कल्याण-मुंबई.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीगणेशाय नमः ।

अथ

स्वरतालसमूहकी विषयानुक्रमणिका ।

विषय.	पृष्ठ.	विषय.	पृष्ठ.
मंगलाचरण	१	सोरठी	२४
सूचना	३	मालकोस	२६
सप्तक स्वर आदिका वर्णन	१	गोरी	२८
षड्जग्रामआदिका वर्णन	२	टोडी	२९
स्वरोंके नाम आदिका वर्णन	३	गुनकली	३१
स्वरोंकी श्रुतियें और स्वभाव	४	कुंबाएती	३२
तान आदिका वर्णन	”	कोकब	३३
तीव्र कोमल स्वरोंका हाल और आलापका वर्णन	५	गंधार	३४
		मारू	३६
अस्थाई आदिका हाल	६	बडहंस	३७
अच्छे गानेके नाम व स्वभाव	७	धनासरी	३८
बहुता रागिणी आदिका हाल	”	मालसरी	३९
छः राग और उनकी रागिणी, पुत्र, और भार्याके नाम....	८	जेतसरी	४१
		सुगरेई	४२
भैरव	१०	भीमपलासी	४३
भैरवी	१२	कामोदी	४५
सिंधवा	१३	गंधारी	४६
बेरारी	१५	हिंडोल	४७
मंदमाधवी....	१६	बिलावल	४९
बेंगाल	१७	रामकली	५०
पूरिया	१८	ललित	५२
सुद्ध	२०	देवशाक	५३
पंचम	२१	पटमंजरी	५४
बिलावली....	२२	गोरा	५६
सुहा	२४	बिभास	५७

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

षय.	पृष्ठ.	विषय.	पृष्ठ.
र्ी	५८	सारंग	१००
रवन	५९	नटनारायण	१०२
गिरी	६१	शंकराभरण	१०३
पक	६२	कल्याण	१०४
नडा	"	गंधार	१०६
दी	६४	साहना	१०७
कोद	६५	विहारी	१०९
रा	६७	परज	११०
न	६८	अकसाम रागरागिणीके नाम	११२
करा	७०	कालिंगडा	११४
डाना	७१	देवगंधार	११५
जेवंती	७२	सिंधभैरवी	"
पाली	७३	वाहरी	११६
मन	७५	जोतपुरी	११७
मीर	७६	जोगीया	"
श्रीराग	७७	सुरपरदा	११८
संत	७९	अलीया	"
ालसरी	८१	सकलबिलावल	११९
आसावरी	८२	गोडसारंग	"
मारवा	८३	मालीगोरा	१२०
धनाश्री	८५	सुरमलार	"
सिंदुरा	८६	मीयाकी मलार	१२१
गौड	८७	मुलतानी	१२२
विहागडा	८९	वेसवाडा	"
सोहनी	९०	जींजोटी	१२३
मेघराज	९१	धानी	"
भोपाली	९४	बीरवा	१२४
मलार	९५	पीलु	"
गूजरी	९६	जंगला	१२५
तनक	९८	पाहाडी जींजोटी	"
देशकार	९९	गारा	१२६

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विषय.	पृष्ठ.	विषय.	पृष्ठ.
स्याम	१२६	षटराग	१३५
खमाएच	१२७	भटियार....	"
देस	१२८	सावंत	१३६
जिला	"	परदीपका	"
छाया	१२९	हेम	१३७
हुजाज	"	मुतफरुकात राग रागिणीके नाम.	"
विहाग	१३०	मुतफरुकात राग रागिणीकी गतें.	१३९
संकरा	१३१	मुतफरुकात राग रागिणीके बोल, ध्रुपद, ठुमरी, टप्पा, तराणा, होरी.	१४५
तिलककामोद	"	मुतफरकात राग रागिणीके नये बोल	१४८
काफी	१३२	मुतफरुकात राग रागिणीकी होरियां	१५४
बागेसरी....	"	लेहका हाल	१५८
संदुरीया....	१३३	तालोंका हाल	१६०
बेसोरी	"	मुतफर्रिक तालोंकी परनें	१६४
धोलसरी....	१३४		
बेलफ	"		

इति विषयानुक्रमणिका समाप्त ।

पुस्तक मिलनेका ठिकाना–
गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास
"लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर" छापाखाना,
कल्याण–मुंबई.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीगणेशाय नमः ।

अथ

स्वरतालसमूह.

सप्तक, स्वर, श्रुति आदिका वर्णन.

सप्तक–उसको कहते हैं, जिसमें सातही सुर (स्वर) आवें. सप्तक तीन प्रकारकी है, मंद, उतरी और चढी.

आरोही–उसको कहते हैं, जिसमें शुद्ध स्वरसे चढे स्वरकी तरफ याने खरजसे टीपकी तरफ जावे.

अवरोही–उसको कहते हैं, जिसमें चढे स्वरसे उतरे स्वरकी तरफ याने टीपसे खरजकी तरफ जावे.

स्वर–स्वर नाम आवाजका है, इसमें श्रुति बोलती है. स्वरके सात दरजे हैं. स्वरमें श्रुति व मूर्छनाके बोलनेसे राग रागिणी पैदा होती हैं.

श्रुति–यह स्वरमें बोलती है और छिपी रहती है, राग रागिणी आदिकी शकल श्रुति, मूर्छना व कलासे बनती है.

मूर्छना–यह दो स्वरके बीचमें बोलती है. जैसे खरजसे रिखबपर आवे इस बीचमें मूर्छना बोलती है. इसी प्रकार सब स्वरोंके बीचमें बोलती है. इसके साथ कलाभी उत्पन्न हो जाती है.

ग्राम–उसको कहते हैं कि एक स्थानसे दूसरे स्थानतक जावे व आवे और बीचमें विश्राम लेवे. जैसे खरजसे टीपपर जावे और मध्यमपर विश्राम लेवे, इसको ग्राम बोलते हैं.

आलाप–उसको कहते हैं कि, राग रागिणी आदिके खास स्वर लगाये जावें.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तान—उसको कहते हैं जिसमें राग रागिणी आदिके स्वर एक एक दो २, तीन २, चार २, पांच २ या विशेष प्रकारसे लगाये जावें.

जोड—उसको कहते हैं, जिसमें राग रागिणी आदिके स्वर दो २, तीन २, चार २, पांच २ मिलाकर लगाये जावें आखिरपर सम देवे.

लय—लय नाम एक अंदाजा याने प्रमाणका है, जिस तालमें हो उसकी चाल उसी मुजब बनी रहेगी, न्यूनाधिक नहीं होगी.

बडास्वर—उस स्वरको कहते हैं. जो निज स्थानसे चढा उतरा होवे, इससे राग रागिणी आदिका स्वरूप बिगड जाता है.

आवर्त—उसे कहते हैं, जिसमें एक ताल पूरी आवे याने प्रथमसे अंततक.

कला—उसे कहते हैं, जो श्रुति मूर्छनाओंके बीचमें पैदा होवे.

खरजग्राम—यह पहली सप्तक, नाम मंद्र, उठाव नाफ (नाभी) से.

मध्यमग्राम—यह दूसरी सप्तक, नाम मध्यम, उठाव कंठसे.

निषादग्राम—यह तीसरी सप्तक, नाम तार, उठाव दिमागसे.

वादी स्वर—उसको कहते हैं, जो राग रागिणी वगैरहका खास स्वर हो और सबसे ज्यादा लगे इससे राग रोशन होवे.

संवादी स्वर—उसको कहते हैं, जो वादीका मददगार होवे और उससे कम लगे और वादीके साथ लगे और रागिणीकी शकल पैदा करे.

अनुवादी स्वर—उसको कहते हैं, जो संवादीकी मदद करे और उसके पीछे लगाया जावे, इससे राग रागिणी दरश जाती है.

विवादी स्वर—उसको कहते हैं, जिसके लगानेसे राग रागिणी आदिका स्वरूप बिगड जाता है, जो किसीमें लगाया जावे तो अगर शुद्ध विवादी हो तो तीव्र कोमल कर थोडासा लगाया जावे, इसको बडारभी कहते हैं.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स्वरोंके नाम आदिका कोष्टक.

नंबर.	१	२	३	४	५	६	७
स्वरोंके नाम.	खर्ज षड्ज	रिषभ ऋषभ	गंधार गांधार	मद्धम मध्यम	पंचम ,,	धैवत ,,	निखाद निषाद
सर्गमके स्वर.	सा	रे	ग	म	प	ध	नी
आरोहीके स्वर	सा	रे	ग	म	प	ध	नी
अवरोहीके स्वर.	नी	ध	प	म	ग	रे	सा
चल अचल स्वर.	अचल	चल	चल	चल	अचल	चल	चल
स्वरोंका आकाश व ग्रह.	आ. १ चंद्रमा	आ. २ बुध	आ. ३ श.	आ. ४ सू.	आ. ५ मं.	आ. ६ वृ.	आ. ७ श.
स्वरोंका स्वभाव.	शरदतर	शरद. खुश्क	शरदतर	गरम खुश्क	गरम खुश्क	मोअत-दिल	शरद खुश्क
स्वरोंके रंग.	सुफेद सुरख स्याही माइल	नीलगुं	सुफेद गंदुमी	स्याह व सुरख	सुरख	सुफेद जर्दीमाइल	स्याह
मोसम.		वसंतऋतु	ग्रीष्मऋतु	वर्षाऋतु	शरदतु	हेमतऋतु	शिशिरर्तु
आवाजके जानवर.	मयूर	पपैय्या	बकरा	क्रौंच	कोयल	दादर	हाथी
स्वरोंके द्वीप.	जंबु	प्लक्ष	शाल्मली	कुश	क्रौंच	शाक	पुष्कर
स्वरोंकी जाति.	ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	ब्राह्मण	ब्राह्मण	क्षत्रिय	शूद्र
स्वरोंके कुल.	देव	ऋषि	देव	देव	पितर	ऋषि	दानव
स्वरोंके देवता.	ब्रह्मा	सूर्य	अग्नि	इंद्र	विष्णु	नारद	रुद्र
स्वरोंकी सवारी.	बैल	घोडा	रथ	हाथी	पालकी	शेर	भैंसा
स्वरोंका पोशाक.	सुफेद	सुरख	सुरख	सुफेद	पीली	सुरख	स्याह
स्वरोंके हथियार.	फरसा	खांडा	धनुषबाण	मुद्गर	कटार	मुसल	शूल
स्वरोंकी श्रुतियां	१ तीव्रा २ कुमुद्वती ३ मन्दा ४ छंदोवती	१ दयावती २ रंजनी ३ रतिका	१ रौद्री २ क्रोधा	१ वज्रिका २ प्रसा० ३ प्रीति ४ मार्जनी	१ क्षिती २ रिक्ता ३ संधिनी ४ आला०	१ सुदती २ रोहिणी ३ रम्या	१ उमा २ क्षोभिणी
मूर्छना षड्जग्रामकी	उत्तरमन्द्रा १ सा	रंजना २ रे	उत्तरा-यता ३ ग	शुद्धषड्जा ४ म	मत्सरि-क्रांता ५ प	अश्वक्रांता ६ ध	अतिरुद्गता ७ नी
मूर्छना मध्यमग्रामकी	सौवीरी १ म	हारिणी २ प	कपोल-नता ३ ध	शुद्धमध्यमा ४ नी	मार्गी ५ सा	पौरवी ६ रे	मंदाकि० ७ ग
मूर्छना निषादग्रामकी	नंदा १ नी	विशाला २ सा	सुमुखी ३ रे	विचित्रा ४ ग	रोहिणी ५ म	सुखा ६ प	आलापी ७ ध
दरजा स्वरोंका क्रमें सात.	सा रे ग म प ध नी	रे ग म प ध नी सा	ग म प ध नी सा रे	म प ध नी सा रे ग	प ध नी सा रे ग म	ध नी सा रे ग म प	नी सा रे ग म प ध

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स्वरोंकी श्रुतियें और उनके स्वभाव ।

खर्जस्वर–१तीव्रा [चपल], २ कुमुद्वती [प्रफुल्लित करे], ३ मंदा [स्वरूप करे], ४ छंदोवती [विस्तार करे]।

ऋषभ–१ दयावती [प्रेम करे], २ रंजनी [मोहित करे], ३ रतिका [शून्य भाव करे याने लज्जारहित] ।

गांधार–१ रौद्री [शून्यता याने ध्यान करना], २ क्रोधा [त्याग करना] ।

मध्यम–१वज्रिका [कठिनता], २ प्रसारिणी [परकार्य सिद्ध करना], ३ प्रीति [प्रेम करे], ४ मार्जनी [प्रकाश करना]।

पंचम–१ क्षिति [गंभीरता], २ रिक्ता [खाली व रुकना], ३ संधिनी [जोडना], ४ आलापवंती [पसारना]।

धैवत–१ मुद्रती [मुद्रा याने ध्यान करना], २ रोहिणी [ऊंचा करना] ३ रम्या [प्रेम करना] ।

निषाद–१उग्रा [भय करना] २ क्षोभिणी [क्षोभ अहंकार रुखाई करना] ।

अर्चिक–उस तानका नाम है जिसमें हर एक स्वर बार बार आरोही अवरोहीमें ऊपर नीचे बोले ।

रागांग–उस तानका नाम है जिसमें दो स्वर आरोही अवरोहीमें आवें ।

सामक–वह तान है जिसमें तीन २ स्वर आरोही अवरोहीमें आवें ।

सरानक–उस तानका नाम है जिसमें चार २ स्वर आरोही अवरोहीमें बराबर आवें ।

अस्थाई–उसको कहते हैं कि हर एक चीज इससे शुरू होवे यह पहला पद कहलाता है । उठाव मंद्रसे यह एक या दो तीन आवर्तकी होती है ।

संचारी–इसको तुक अस्थाईसे थोडी आगे जावे, फिर असली जगहपर आवे । उठाव पंचमसे याने नीचेसे । यह दूसरा पद कहलाता है और एक आवर्तका होता है ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अंतरा—इसकी तुक बीचसे उठती है और टीपतक जाती है । इसका उठाव मध्यमसे याने ऊपरसे है । यह तीसरा पद कहलाता है और एक आवर्तका होता है ।

भोग—इसकी तुक बीचसे याने मध्यमसे उठती है और टीपसे बुलंद ऋषभ गांधारतक जाती है । यह चौथा पद दो आवर्तका होता है ।

आभोग—इसकी तुक बीचसे उठती है और टीपसे जादे बुलंद गांधार मध्यमतक जाती है । दो तीन आवर्तका होता है ।

तीनों ग्रामोंका सबूत सितारपर बताया जाता है ।

खर्ज ग्राम—सितारके खरजके पर्देपर तार मध्यमको दबाकर बुलावे तो खर्ज स्वर पैदा होगा और खर्जसे टीपतक इसकी सतक है ।

मध्यमग्राम—यह सितारके मध्यमके पर्देपर खर्जके तारको दबाकर बुलावे तो खर्ज स्वर पैदा होगा और मध्यमसे मध्यमतक इसकी सप्तक है ।

निषादग्राम—यह सितारके पर्दे नीचेकी निषादपर तार पंचमको दबाकर बुलावे तो खर्ज स्वर पैदा होगा और निषादसे निषादतक इसकी सप्तक है ।

सकारी—वह स्वर जो तीन दरजा उतरा होवे ।

अतिकोमल—दो दरजा उतरा होवे ।

कोमल—एक दरजा उतरा होवे ।

शुद्ध स्वर—वह स्वर कि असली जगह पर रहे ।

तीव्र—वह जो शुद्धसे एक दरजा चढे ।

अतितीव्र—यह दो दरजा चढा होवे ।

तीव्रतम—यह तीन दरजा चढा होवे ।

संचार पहला—जो स्वर जिस राग रागिणी आदिमें वादी होवे उस स्वरसे आलाप शुरू करे यह स्थान हर एक राग रागिणीका है ।

संचार दूसरा—दूसरी दफे आलापमें कुल स्वर मुकर्रर राग रागिणी पर विसंवादी स्वर दिखाकर वादी स्वरपर आवे फिर खर्जपर समाप्त करे ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संचार तीसरा—तीसरी दफे आलापमें वादी संवादी अनुवादी स्वर उस राग रागिणीके ऊपर होकर टीपपर जावे। अंतरेके समान फिर उस राग रागिणीके वादी स्वर मुकर्ररपर हो खर्ज पर आवे। इससे राग रागिणीमें रौनक होती है।

संचार चौथा—चौथी दफे आलाप टीपसे बुलंद ऋषभ गांधारतक हो फिर उस राग रागिणीके वादी संवादी अनुवादी स्वरपर हो खर्जपर आवे, इससे राग रागिणी असली हालतपर आती है।

१	तानके स्थान	नाद	गमक	कंठ	बंध	ये ऊपर लिखे हुए अक्षर आलापमें आते हैं और यहभी वजनमें अद्रुत द्रुत लघु गुरु पलटके मात्रा द्विमात्राका होता है।
२	खुलासा	यह नाभिसे ली जाती है	सीनेसे ली जाती है	कंठसे ली जाती है	दिमागसे ली जाती है	
तानके अक्षर	आ	ने	ना	रे	री	

सयुंक्त अक्षर	नद्दत	तनुम	अतितनुम	तनना	तनरी	आऐ	वाऐ	ओ	औ

अस्थाई—उस आलाप या तानका नाम है जिसमें खर्ज स्वर जादे बोला जावे और उच्चारणभी खर्जसे होवे, पहलेका स्वर अंतमें आकर बोले। इसकी सात किस्में हैं। इसका नाम नाद है, उठाव नाभीसे होता है।

संचारी—यह तान धैवतसे, कभी गांधार, मध्यम या पंचमसे उठती है यह अंतराकी तरह ली जाती है। इसका नाम कंठ है। यह गलेसे ली जाती है।

भोग—यह तान गांधारसे, कभी मध्यमसे उठती है। यह भोगके बतौर ली जाती है। इसका नाम गमक है, यह सीनेसे ली जाती है।

छोली—यह तान हर स्वरसे ली जाती है। इसका नाम बंध है। यह दिमागसे ली जाती है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मूर्छनाके नाम व स्वभाव ।

नाम मूर्छनाके खर्जग्राम	उत्तरमंद्रा	रंजनी	उत्तरायता	शुद्धषड्जा	मत्सरिक्रांता	अश्वक्रांता	अतिरुद्गता
खासियत मूर्छना	शून्यता	लज्जा करना	ध्यान लगाना	शुद्धरहना	कठोरता	क्षमाकरना	निर्मलता
नाम मूर्छना मध्यमग्राम	सौवीरी	हारिणी	कपोलनता	शुद्धमध्यमा	मार्गी	पौरवी	मंदाकिनी
खासियत मूर्छना	धारन करना	अच्छा ग्रहण करना	क्लेशकरना	बर्जना	कामक्रोध त्याग करना	अमृत तुल्य रहना	मन करना
नाम मूर्छना निखादग्राम	नंदा	विशाला	सुमुखी	विचित्रा	रोहिणी	मुखा	आलापी
खासियत मूर्छना	शीतलता	अच्छापन	फैलाना	खुशरहना	गर्जना	प्रफुल्लितता	मस्त रहना

राग रागिणी आदिका हाल ।

मारग—उस राग रागिणीको कहते हैं जो हर देश व शहरमें एकही तरह शकले मुकर्रर गाई जावे और उसकी तरह मुश्किल होती है। हर एककी समझमें जल्द नहीं आती है।

देसी—उस राग रागिणी आदिको कहते हैं कि हर देश व शहरमें मुखलिफ और वजह वजहसे गाई जावे और आसान तरह होवे कि हर एक जल्दीसे समझ सके।

शुद्ध—उस राग रागिणी आदिको कहते हैं जो खालिस हो और किसी रागिणी आदिका मेल न हो और सब श्रुतियां पृथक् पृथक् कायम होवें एक दूसरीसे न मिले।

महाशुद्ध—उस राग रागिणीको कहते हैं जो शुद्धसेभी खालिस होवे और किसी राग रागिणी आदिसे मेल न रक्खे और सब श्रुतियें उसमें ने ठिकानेपर कायम रहें और किसीसे मेल न रक्खे और किसीकी भी न होवे।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सालुनीक—उस राग रागिणी पुत्र भार्या आदिको कहते हैं जिसमें दूसरी रागिणीकी साया व अक्स पडता हो।

संकीरण (संकीर्ण)—उस राग रागिणी आदिको कहते हैं कि जो दो शुद्ध चीजोंसे मुरक्कब होकर एक तुक या जादे हो या पांच छः रागिणी मिलकर कोई सूरत पैदा करे।

महासंकीर्ण—उस राग रागिणी आदिको कहते हैं कि जो दो सालनीक या दो संकीर्ण चीजोंसे या शुद्ध व सालनीक, या शुद्ध संकीर्णसे मुरक्कब होवे।

ओडव—इसको आदुभी कहते हैं। यह उस राग रागिणीका नाम है जिसमें चार या पांच स्वर लगते हैं।

षाडव—इसको खादूभी कहते हैं। जिस राग रागिणी वगैरहमें ६ स्वर लगें उसे खादू कहते हैं।

संपूर्ण—जिस राग रागिणीमें सातही स्वर लगते हैं उसको संपूर्ण कहते हैं।

राग रागिणी और उनके पुत्र और भार्या।

भैरव राग।

रागिणी—१ भैरवी, २ सिंधवी, ३ वेरारी, ४ मंदमाधवी, ५ बंगाल।

पुत्र—१ हरक, २ माधो, ३ पूरिया, ४ सुद्दु, ५ पंचम, ६ मंद, ७ तिलक, ८ वलीना।

भार्या—१ विलावली, २ सुहा, ३ सोरठी, ४ इदीयाही, ५ भीलगूजरी, ६ पटचंचली, ७ कुवारी, ८ मीरी।

मालकोसराग।

रागिणी—१ गोरी, २ टोडी, ३ गुनकली, ३ कुंवाएती, ५ कोकव।

पुत्र—१ गंधार, २ मारु, ३ वडहंस, ४ मवल, ५ चंद्रक, ६ भोहर, ७ आनन्द, ८ खोकर।

भार्या—१ धनासरी, २ मालसरी, ३ जेतसरी, ४ सुगरेई, ५ भीमहेलासी, ६ कामोदी, ७ गंधारी, ८ दुर्गा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हिंडोलराग ।

रागिणी—१ बिलावल, २ रामकली, ३ ललित, ४ देवशाक, ५ पटमंजरी।

पुत्र—१ चंद्रभनय, २ मंगल, ३ सुभाह, ४ आनन्द, ५ विनोद, ६ परधुन, ७ गोरा, ८ विभास ।

भार्या—१ गीरवी, २ लेलावती, ३ चेती, ४ पूर्वी, ५ पारावती, ६ तुरवन, ७ देवगिरी, ८ सरस्वती ।

दीपकराग ।

रागिणी—१ कानडा, २ देसी, ३ कामोद, ४ केदारा, ५ नट ।

पुत्र—१ कुलंग, २ भाकरा, ३ मंगलाष्टक, ४ अडाना, ५ रहसमंगला, ६ चंपक, ७ कुंतल, ८ कुसम ।

भार्या—१ मंगलगूजरी, २ जेजेवंती, ३ मालगूजरी, ४ मनोहर, ५ अहीरी, ६ भोपाली, ७ एमन, ८ हमीर ।

श्रीराग ।

रागिणी—१ वसंत, २ मालसरी, ३ आसावरी, ४ मारवा, ५ धनासरी ।

पुत्र—१ संदूरा, २ मालू, ३ गौड, ४ धनसागर, ५ कुंभ, ६ गंभीर, ७ शंकर, ८ विहागडा ।

भार्या—१ ध्यानजी, २ कुंभ, ३ सर्व, ४ खेम (क्षेम), ५ सहस्त्ररेखा, ६ विजना, ७ सदासुती, ८ सोहनी ।

मेघराग ।

रागिणी—१ भोपाली, २ मलार, ३ गूजरी, ४ तनक, ५ देशकार ।

पुत्र—१ जालंधर, २ गजधर, ३ सारंग, ४ नटनारायण, ५ शंकराभरण, ६ कल्याण, ७ गंधार, ८ साहना ।

भार्या—१ कनहडनाट, २ गावदी, ३ गाभनाट, ४ विहारी, ५ मांज, परज, ७ नटमंजरी, ८ शुद्धनाट ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भैरवराग ।

इस रागमें स्वर गुरु धैवत है और इसका उच्चार धैवतसे है । वादी धैवत, संवादी गांधार, अनुवादी खर्ज और विवादी ऋषभ व पंचम शुद्ध है । जिससे ऋषभ सकारी, पंचम तीव्र लगता है । इसका वक्त चार घडी रातसे सूर्योदयतक है । इसमें ये स्वर लगते हैं—खर्ज मध्यम शुद्ध, ऋषभ धैवत सकारी, गांधार निषाद पंचम तीव्र । मारग व शुद्ध है । पूरिया, हिंडोल, शुद्ध व कानडासे मुरक्कब (मिश्रित) है । हाल रिवाजमें आड़ु है । जिसके खास स्वर ये हैं—ध नी सा ग म । स्वरूप इसका महादेवजीके दक्षिण मुँहका है । इसकी ऋतु सर्द है । स्वभाव खुशी पैदा करनेका है । इसके अकसाम चार हैं । शुद्ध भैरव १, कडी भैरव २, कीरल भैरव ३, संकी या संकीरन भैरव ४ । इस रागमें सच्चे स्वर लगनेपर कोल्हू विना बैल चलने लगता है ।

आलाप ।

ने दुर त नोम् ओ ने त ने ना अ ने ऐआ नेतों ओ ओम्

ध नी सा ग म नी ध प म ग म ग रे नी सा ।

अंतरा—ग म नी सां[२] सा नी ध प म ग म नी नी ध नी नी ध प म ग म ग रे नी सा । आभोग—म नी सां[२] सा सा नी सा म म ग ग रे नी सा नी ध प म नी नी ध ध ध प म नी नी ध ध प म ग म नी ध प म ग म ग रे नी सा ।

सरगम ब्रह्मतालकी ।

अस्थाई—ध[१ स] नी सा ग म[२] नी ध प ग[३] म ग[३] रे सा सा सां[४] सा नी[५] स । ग म नी[२] ध प म ग[३] म ग[४] रे नी[५] सा । अंतरा समसे—ग[१ स] म नी सा सां[१] नी ध प म[२] ग भ[३] नी नी ध नी[४] नी ध[५] प ध ध प[६] म प म ग[७] म ग[८] रे नी[९] सा ।

गत मशीतखानी बाजकी ताल सवारीकी ।

दां[१ स] दा रा दा रा दां[२] दिर दा रा दा दा रा दिर दां[३] दिर दा रा दा दा रा

३ ५ ६ ६ ८ ९ १३ १२ ११ ९ ८ ९ १३ १३ १२ १३ १३ १२ १४ १३

दिर दा दां[४] रा दिर दा दिर दा रा । तोडा समसे—दां[१ स] दा रा दा रा दां[२] दिर

१२ ११ ९ ८ ९ ८ ७ ५ ६ ९ १३–१४ १४ १४ १३ १

दा रा दा दा रा दिर दां[३] दिर दा रा दा दा रा दिर दां[४] दा रा दिर दा दिर दा रा

११ ९ १३ १३ १२ १३ १२ १३ ११ ९ १३ १२ १३ १३ ११ ९ ८ ९ ८ ७ ५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

गत फीरोजखानी बाजकी ताल कोकिला।

दाँ रा थ दा दाँ रा दाँ दिर दा रा दाँ दिर दिर दिर दार दार दिर दाँ
३ ५ ४ ८ ९ १३ १३ १२ ११ ९ ८ ९ १३ १३ १२ १३ १२ ११
दिर दाँ दार दा दाँ रा दाँ रा। तोडा समसे–दाँ दा र दा दाँ रा दाँर दा
९ १३ ११ १२ ९ ८ ७ ६ ८ ९ १३ १४ १४ १४ १३ १२
रा दाँ दिर दाँ दा रं दा दा रा दाँ दिर दाँ रा दा रा दाँ रा दाँ रा।
१४ १३ १२ ११ ९ ८ ९ १३ १४ १३ १२ ११ ९ ८ ९ ८ ७ ५ ६

तराणा ताल तितालाकी।

तंनोम तदरदानी दीरना दीरदीर तोम्‌ दीरदीर तोम्‌ दिरदिर तोम्‌ तनोम्‌ तनोम्‌ तोम्‌ तोम्‌। अंतरा–तंदरदानी दिरना तनाँ तना तोम्‌ तनोम्‌ तदानीदानी होदानी तदानी तनोम्‌ तनोम्‌।

जोड।

ध नी सा ग म नी ध प म ग म ग रे नी साँ सा सा सा नी नी ध नी नी ध ध ध नी सा ध नी सा साँ सा सा सा नी ध नी सा ग म म म म ग ग म म ग म ग ग रे साँ साँ सा सा सा नी सा ग म नी ध प म नी नी धध ध प प प म म म ग ग म ग म ग रे नी सा साँ सा सा सा साँ नी ध म प म ग रे सा साँ सा सा सा नी नी ध ध प म ध प म नी ध प म ग म ग रे नी सा साँ सा सा सा।

बोल ताल चोतालामें।

अस्थाई–क्यों दूर हे दईयारे न चेअनें। अंतरा समसे–जो लख ले हैं सास ननदीयाँ अअबहो कैसी करीहो। अंगीयाँ दरक करके गई चुरिया और नख वसनें छाप मुखें मंडन पीक कपोलें अधर अंजनें पाँएन परिहो बलैया लेही हों।

चतुरंग ताल आडा चोतालाकी।

ध नी साँ ग म नी धं प म ग मं ग रे सा साँ नी धं प म नी धं प म ग मं ग रे सा। चतुरं गावो बजावो मृदंग बोल धांत्रिककिट तिकागदिगिनधाधि धिनूनिक धिनि निक धिनिनिक धांकिट किडतिकाँ गदिगिनधा तिकागदि–

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गिन धाँकिट तिकधुम। तोम्रँ तोम्रँ तनोम्रँ तनोम्रँ तोम्र दिरना दिम्रँ दिम दिरदिर दिरे नातदारि दानी। चातुरे मिल रिजाअवो गुनियनको जिन जगावो प्यारे मयिकालागीलोअँखीया तोरे संग बैलमाअँ भोर भई।

भैरवी।

भैरव रागकी रागिणी भैरवीमें सुर गुरु मध्यम कोमल है, उचार मध्यमसे है, मध्यम वादी, गांधार संवादी, धैवत अनुवादी है, शुद्ध पंचम व ऋषभ विवादी है। जिससे पंचम तीव्र। ऋषभ सकारी लगती है। समय प्रातःकाल और मोसम शरदृतु है। इसमें ये स्वर लगते हैं—खर्ज मध्यम शुद्ध, मध्यम किंचित् कोमल, ऋषभ गांधार धैवत निषाद सकारी, पंचम तीव्र। मारग व शुद्ध है। संपूर्ण है जिसके खास स्वर ये हैं—म प ध नी सा रे ग। बेरारी, शुद्ध, ललित, सारंग व पंचमसे सुरक्षब है। रूप देवीका। तासीर खुशी पैदा करे।

आलाप।

ने नेने अ ना अ ने ने ने ने अ आ आ तोम ते ने ना ने री ना अ तोम म प ध प प म प मा म ग ग रे सा नी ध म प ध सा सा सा।

अंतरा—म प प ध नी सा सा सा सा नी ध म प ध प म ग ध प ध प म ग ध प म प म ग रे सा। आभोग—म प ध ध नी नी सा सा सा सा ग म ग ग रे सा म म ग ग ग रे रे सा सा सा ग ग ग रे रे सा सा नी नी ध ध ध प म प प प म म ग ग ग ध प म ग ध म प म ग रे सा।

सरगम ताल फरदोस्त।

मे म म गे ग रे सा सा सा पै प धै म पै ग नि प प ध गं ध प धे नी म गें ध प धें प पें प मे प मे ग रे सा। अंतरा—मे ध प धें नी सा सां सा सा सां नी धें प में प मे ग रे सा

गत मशीतखानी चोतालामें।

दिर दाँ दिर दाँ रा दाँ दा रा दिर दाँ दा रा दिर दाँ दिर दाँ रा दाँ दा रा दिर दाँ दा रा। तोडा समसे—दाँ दा रा दिर दाँ दा रा दिर दाँ दिर दाँ रा दाँ दा रा दिर दाँ दा रा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गत पूरवी बाज, ताल सूलफाखता।

दीं रीं दा दों रा दों दिर दिर दिर दों र दार दिर दीं दों दिर दा रा।
९ ९ १२ ९ ११ ११ ११ ९ ११ ८ १२ ११ १२ ९ ९ ८ ७ ६
तोडा—दोरं दार दिर दों दिर दों रा दा रा दीं रीं दा दों रा दों दिर दिर दिर।
८ ९ १२ ११ ९ ११ १२ १३ १४ १४ १४ १३ १२ १३ १२ ११ ८ ९

तराणा ताल जपताला।

बोंभ तनोमू तंदरंदानी दिरं नीं तदानी होदानी तंदारी दिर दिर तोंभ तनोमूं।

बोल भैरवी ताल आडा चोताला।

तो री चिं त वन चि त ह र लीं नो रे। लीं अ जें स ग री वी स र
६ ६ ११ ११ १२ ९ ११ ८ ९ ११ ११ १२ ८ ७ ७ ८ ६ ८ ९ ८ ७
ग ई मो अ सु छें ल कीं नो रे लं गं र न ट वं सी त ट। अंतरा—कें ल नें
७ ६ १३ १३ १२ ११ ९ ८ ७ १३ १२ ११ ९ ८ ७ ९ ८ ७ ६ १२ ११ ९
प र त कें लप स मं पल जा तें पलें न ला आ अं ग दु ख दीं नो रें अ।
११ १२ १३ १४ १५ १४ १४ १३ १४ ११ १२ १३ १२ ११ ११ ८ ९ ११ ९ ८ ७ ६

सिंधवी २।

सिंधवी भैरव रागकी रागिणी है। इसमें सुर गुरु धैवत है, धैवत वादी है, खर्ज संवादी है, गांधार अनुवादी है, पंचम विवादी है, जिससे तीव्रतम लगता है। वक्त दिनके तीसरे पहर पीछे। देसी, संकीर्ण और खाड़ू है। जिसके खास स्वर ये हैं—ध नी म रे सा ग। स्वर ये लगते हैं—खर्ज शुद्ध, ऋषभ तीव्र, गांधार कोमल, मध्यम कोमल, पंचम तीव्र, धैवत शुद्ध, किंचित् तीव्र; निषाद कोमल। अहीरी व आसावरीसे मुरक्कब है। मोसम शरदृतु। तासीर वीररस यानें लडाईका जोश पैदा करे।

आलाप।

ध नी सा ग रे सा सा ग रे सा ध नी सा सा सा नी सा ग रे सा। अंतरा—ग रे म ध नी सा ध नी सा सा सा सा सा नी सा सा ध नी सा ध नी सा सा सा नी सा ध ध नी सा ध नी सा ग रे सा। आभोग—म ग प म ध नी सा ग रे सा सा सा नी सा ग ग रे रे म ग रे सा ग रे सा ध नी सा ध ध सा सा ध नी सा सा सा ध ध नी नी सा सा सा सा ग रे सा ध नी सा ग रे सा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सरगम ताल धमाल।

धं नी सा गं रे सा सां सा गं रे सा धं ध नी सां सा नीं ध सा धं ध ध नीं सा धं सा सा धं ध सा नीं सा। अंतरा—गं रे म धं नी सा धं ध नीं सा सा सां सा सा सां सा धं ध ध नीं सा सा धं नी सां सा सा नीं सा ग रें सा।

गत मशीतखानी ताल झूमरा।

दां रा अं दिर दां दिर दा रा दां दा रा दिर दां रा दा रा दां रा अं दिर दां दिर दा रा दां दा रा दिर दां दिर दा रा। तोडा समसे। अंतरा—दां दा अ दिर दां दिर दा रा दां दा रा दिर दां रा दा रा।

गत फीरोजखानी ताल खम्सा।

दां रा दिर दार दार दिर दां दिर दा रा दां रा दा दा रा दां दां रां दां रां दा रा दां दिर दिर दिर दारं दार दिर दा रां। तोडा समसे—दां दिर दिर दरांड दा दा रा दा रां दा रा दां रा दा दा रा दां दां दार दा दार दा रा दां दिर दा रा दारं दार दिर दा रां।

तराणा ताल सुलफ।

तेदरे दानी दिरनां दानी तदांनी दानि तंदिम तदिम दिम तंदीम दानीतं दारी दारी दिरनां तंनोम् तोम् तनोम्।

बोल ताल फरदोस्त।

प्रीतम प्रीत लगाएं सुरतं मोरी क्यूं बिसराई। अंतरा समसे—इक छीनें कर दील बीचें बीचें मोंही रे नरमाई। वदना अंबुज मकरंदं पीयंत में नाहीं अघाई। नववधू नवलकीसोरं नीहार ऊफनतं आई। रसीक सनेही चरन कंमलं सुधी पत्रे दिखाई। दोहा—वंदरा वंदराही बने; इंदुवदंनकी ओअंअट। कैसे सही सके कंमोदनी, विरेह बानकी चोअंट।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भैरव रागकी रागिणी बेरारी।

बेरारी इसको बेराटीभी कहते हैं। इसमें सुर गुरु खरज संवादी है, इससे ...चार होता है। गांधार वादी है, मध्यम अनुवादी है। वक्त तीसरा पहर। सुर इसमें ये लगते हैं–खरज पंचम शुद्ध, मध्यम तीव्र, ऋषभ धैवत सकारी, गांधार निषाद शुद्ध कदरे तीव्र,। देशी, संकीर्ण और संपूर्ण है। जिसके खास सुर ये हैं–सा नी ग रे म प ध। मोसम शरदृतु। तासीर खुशी पैदा करे। देसी, तरवन व टोडीसे मुरक्कब है। शुद्ध संकीर्ण है।

आलाप।

सा रे ध रे सा नी रे रे सा नी ध प म प ग रे सा। अंतरा–प म प सा सा ध रे सा प ग रे सा नी ध प म प ग रे रे सा नी ध प म प ग रे सा। आभोग–म प सा सा रे रे रे रे ग ग रे रे सा नी ध प सा सा सा रे ग ग ग रे रे सा ध प म प ग रे सा।

सरगम ताल फरदोस्त।

सां सा सा नीं सा रे धं रे सा रें रे सां नी धं भं प ग रे। अंतरा–पं म प सां सा सा धं रे सा धं प में प पं म पं म रे सा।

गत मशीतखानी ताल सुलफाख्ता।

दिर दां रा दां दिर दा रा दां दा रा दिर दां रा दां दिर दा रा दां दा रा।
६ ७ ३ ७ ६ ७ ७ ७ ७ १ ५ ३ २ ० २ ८ ७ ३ ७ १

तोडा समसे–दां दा रा दिर दां रा दां दिर दा रा दां दा रा दिर दां रा
११ ९ ११ १४ १४ १२ १५ १३ १६ १३ १५ १४ १२ ११ ९

दां दिर दा रा।
११ ८ ६ ७

गत पूरवी बाज, ताल खम्सा।

दां रा दा रा दां दिर दा दा रें दा दा रा दां रा दा दा रा दां। तोडा
६ ७ ३ ७ ४ ६ ५ ७ ७ ६ ५ ३ २ ० २ ८ ७ १

समसे–दांर दा र दिर दां दिर दिर दिर दांर दार दा दां रा दा दा रा दां।
११ ९ ११ १४ १२ १५ १४ १६ १५ १३ १२ ११ ९ ११ ८ ७ ६

तराणा ताल अद्धा।

तोंदीमत नानेंरे दिरंदिर दानी तदानी दानी हें दानी तानोमें तानोम तोमें तनोम तदरदानी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बोल ताल कोकलाका नक्शा।

बीहोंरी अमेंहांसु प्रीतकीरींतें करी। अंतरा—अनुकुल सुअधों बीच कंडीके ऊंरमें आनंद घेरी। नेहेंआ नीबाँहहँन खांन पान प्रभु रांखत प्रीत हरीभ।

मंदमाधवी ४।

मंदमाधवीको मदमादभी कहते हैं। यह भैरवकी रागिणी है। इसमें सुर गुरु मध्यम है। यहां मध्यम वादी है, ऋषभ संवादी है, पंचम अनुवादी है। वक्त फजरका। मारग, शुद्ध व सालनीक है। सुर ये लगते हैं—खरज मध्यम पंचम शुद्ध, ऋषभ धैवत तीव्र, गांधार निषाद अति कोमल। सम्पूर्ण है। खास सुर ये हैं—म प ध नी सा रे ग। मोसम शरदृतु। तासिर वियोगमें खुशी करे। मलार, कल्याण, शुद्ध व मालसरीसे सुरक्कब है।

आलाप।

म प प म नी सा रे रे रे नी सा ध ध ध प म प म नी सा। अंतरा—प म प नी सा सा सा रे रे रे रे नी सा ध ध ध म प रे सा। आभोग—म प नी सा सा सा सा नी सा रे रे रे प प प म प ध म प म ध ध म प प प प म प रे सा।

सरगम ताल तीवडा।

मं प पं म नी सा रे रे रे रे ध म प रे सां सा। अंतरा समसे चलेगा—पं म पं नी सां सा रे रे नी सा ध म पं रे सां सा।

गत मसीतखानी ताल जपताला।

दों रा दा दों रा दों दा दिर दिर दिर दां रां दों दों दा रा दों रा। तोडा समसे—दों दों रा दा दिर दिर दों दा रा दों रा दों दा रा दों रा।

गत फीरोजखानी तितालाकी।

दों रां दा दों रा दा रा दों र दार दिर दां दिर दा रा धेराड दा रा दों दिर दिर दिर दोंर दार दा दांर दा रा। तोडा समसे—दोंर दार दिर दों

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दिर दिर दिर दाँर दार दा दिर दिर दार दार दा दा रा दाँ दिर दिर दिर दाँर
१४ १४ १४ १५ १५ १५ १३ १४ १२ १२ १२ ११ १३ १४ १५ १५ १५ १६
दार दार दाँ दिर दा रा।
१४ १२ ९ ११ ७ ६

तराणा ताल चौताला।

दिमें दिमें तेंदिमत दानी दानी हो दानी तदाँनी दानी तंदर दानी।

बोल ताल कोकला।

मोरी भोली ननंदीई चौलो बाआगामें। अंतरा—बाँअगें बंडोअ फल बाँअंदीईब हो सुंऊवाँअ केरे अती सोंओअरेंअअ। आँअठेअ पोंओहर बोंअले अनंत मेंआनाँअ कोअंएल मोंओरेंअअअ।

भैरव रागकी रागिणी बेंगाल।

रागिणी बेंगाल जिसको बंगालीभी कहते हैं। भैरवकी रागिणी है। इसमें वादी मध्यम, संवादी गांधार, अनुवादी ऋषभ, विवादी निषाद है, जिससे तीव्र कोमल होकर लगता है, शुद्ध नहीं लगता है। सुर ग्रह खर्ज है। वक्त पहर दिन चढेका। किसी ग्रंथमें तीसरा प्रहरभी लिखा है। देसी, संकीर्ण और संपूर्ण है। इसके खास सुर ये हैं—सा रे म प ध ग नी। सुर ये लगते हैं—खरज मध्यम पंचम शुद्ध, ऋषभ धैवत सकारी, गांधार निषाद तीव्र। मोसम शरद् ऋतु। तासीर वियोग भय पैदा करे। धनासरी, ललित, मारवा व गोरीसे मुरक्कब है।

आलाप।

सा रे म प ध प ध म म ग ग म ग ध रे सा। अंतरा—म ध सा नी सा रे सा सा सा सा रे नी ध प ध म ध प म म ग म ध प म ग रे सा। आभोग—म सा सा सा सा रे सा ग ग म म ग म ग ध रे सा सा सा म म ग ग रे रे ग म ग रे नी ध प प ध प ध म ग म ग म ग रे सा।

तरगम ताल चौताल।

साँ रे में प धें प ध म में ग ग म गें ध रें सा नीं ध सा रे में ग रे सा। अंतरा—में ध नीं सा रें सा सा सा रे नीं ध प धं म धें प गें म ध प में ग रे सा।

२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गत फीरोजखानी ताल तिताला।

दा रा दां दा रा दा दां र दा रा दां दिर दिर दिर दिर दार दिर दां दिर
दा रा धरोड दा रा दां दिर दा दार दा । तोडा समसे—दां दार दा दां रा
दा रा दांर दार दिर दां दिर दा रा दां रां दा दां र दा रा दां रा।

गत मसीखानी ताल आडा चोताला।

दिर दां रा दां दिर दा रा दां दा रा दिर दां दिर दा रा दां दा रां दा दा
रा दां दिर दा रा दां दा रा । तोडा समसे—दां दा रा दिर दां दिर दा रा
दां रा दां दिर दा रा दां दा रा दिर दां रा दा रा दां दिर दां रा दा, रा।

तराणा धीमा तिताला।

तानुम तती दिरंना दिरंना तदरदांनी दिमंतादिम तंने ननारे तुम दिर दिर
तुम तुम।

बोल ताल तीव्रा नया।

भला जाने वांअलेएं मेरी सुनता जाईयोअ। अंतरा—ज्यों तु चला वारी
बए जानेए ना देअस्याअ पकर खरांइ देडा पअलावेएएए।

भैरव रागके पुत्र।

१ हरक—यह देवशाख, लेलावति, सारंग, शुद्ध, मलार व गोडसे मुरक्कब है। २ माधो—यह शुद्ध, विलावल, मलार व नटनारायणसे मुरक्कब है। ६ मंद—इसका हाल मालूम नहीं हुआ। ७ तिलक—इसका हाल मालूम नहीं। ८ बलिना—इसका हाल मालूम नहीं। इन भैरवरागके पुत्रोंका हाल मालूम नहीं हुआ इससे नहीं लिखा गया।

भैरव रागका पुत्र तीसरा पूरिया।

इसमें सुर गुरु निषाद, वादी ऋषभ, संवादी गांधार, अनुवादी धैवत है। व ६ तीसरे पहर बाद शामतक। देसी, संकीर्ण और खाड़ु है। खास सुर ये

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हैं—नी सा ग रे प म । धोलसरी, तनक, मंगलाअष्टक और कानडासे सुरकब है । सुर ये लगते हैं—खर्ज पंचम शुद्ध, ऋषभ धैवत सकारी, गांधार, निषाद तीव्र, मध्यम तीव्र । मोसम शरदृतु । तासीर खुशी पैदा करे ।

आलाप ।

नी सा ग रे ग प म प प म प ग म ग रे सा । अंतरा—ग प म प प सा नी ध नी नी ध प प म प प म प म प ग म म म प प म ग रे सा । आभोग—म प ग म ग ग रे रे सा सा सा सा नी ध नी ध प म प प सा

१६ १७ १६ १६ १५ १५

नी ध नी ध प प म म प प म प ग ग म म म म ग रे सा ।

सरगम पूरिया ताल टप्पेका ठेका ।

नी सा ग रे ग प म प प म प ग म ग रे सा नी सा ग ग म ग रे सा । अंतरा—सां नी सा नी ध प म प प म प ग म ग रे सां ग म प रे सा नी ध नी ध प म ग ग रे प प म ग रे सा ।

गत मसीतखानी ताल फरोदस्त ।

दां दा रा दां रा दिर दां रा दिर दां दिर दां रा दां रा दां दिर दा रा ।

तोडा समसे—दां दा रा दां रा अं दां रा अं दां रा दां दिर दां रा दां रा दा रा ।

गत फीरोजखानी ताल कोकला ।

दां दा रा दिर दां रा दां रा दा दा रां दा दां रा दां दिर दिर दिर दारें दारें दिर दा रा दां दिर दां रा । तोडा—दां रां दिर दां रा दां दा रा दा दां रा दां रा धरांड दा रा दां दिर दां दा रा दिर दां दिर दां रा ।

तराणा पूरिया ताल धमाल ।

तें दीम ता दीमें दिम दिर दिरें दा नी तों नो म ता नों म तो मत दरें दा नी ।

बोल पूरिया ताल तलवाडा ।

फुलनके हरवा गुंद लाओरी मालनीया कनेके घेर । अंतरा—सी स मोतीदा बना सेहरा बीराजत और मोतीयनकी लर ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सुहा या सुहु ४ ।

इसमें सुरगुरु पंचम, वादी खरज व पंचम संवादी, निषाद और गांधार अनुवादी है । मालसरी, शुद्ध, विभास, बिलावल व बागेसुरीसे सुरकब है। वक्त मोसम बहार हर वक्त और गैर मोसममें दस बजे । सुर ये लगते हैं—खरज पंचम शुद्ध, मध्यम दोई कडी व कोमल, ऋषभ धैवत तीव्र, गांधार सकारी, निषाद दोनों कडी व कोमल । सुर खास ये हैं—सा ग म प नी । आदु, संकीर्ण, देसी व शुद्ध है । मोसम शरदतु । तासीर खुशी करे ।

आलाप ।

सा ग सा मं मं सा ग म ग मं मं प प मं प प प । अंतरा—रे ग मं प म प ध नी ध नी सां नी ध प ध प मं ग ग मं प प मं ग रे सा । आभोग—मं प म प ध नी ध नी सां प मं ग रे ग रे सां नी सा नी ध प ग रे सा नी ध ध प मं ग ग म प प मं ग रे सा ।

सरगम ताल खम्सा ।

सां ग सा म मं सा ग म गे म म प पं म प म प पं । अंतरा—गं रे
६ ८ ६ १० १० ६ ८ ९ ८ १० १० ११ ११ १० ११ १० ११ ११ ८ ७

ग म पं म प म धं नी ध नी सां प म ग रे सां ।
८ १० ११ १० ११ १० १२ १३ १२ १३ १४ ११ १० ८ ७ ६

गत मसीतखानी ताल कोकला ।

दां दिर दा रा दां दा रां दिर दा रा दां दिर दां रा । तोडा समसे—
६ ८ ६ १० १० ६ ८ ९ ८ ९ ११ १० ११ ११

दां दा रा दिर दां रा दां दा रा दा दां दिर दां रा ।
९ १० ११ ११ १० १२ १३ १२ १३ १४ ११ १० ८ ७

गत पूरबी बाजकी ताल आडा चोताला ।

दां रा दां रां दा रां दां रा दां दिर दा रा दां दिर दां रा दा रा दां दिर
६ ८ ६ १० १० ६ ८ ९ ८ ९ १० ११ ११ १० ११ ११ १० ११ ८ ७

दिर दिर दारं दार दिरं । तोडा समसे—दां रा दा रा दां रा दा दिर दां दारं
८ १० ११ १० ६ ८ १० ११ १० ११ १२ १३ १२ १३ १४

दा दा रा दां दार दा दां रा दा रा ।
११ १० १० ११ ८ ९ १० ११ १० ६

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बोल तराणा ताल जुमरा ।

तेनोम तदरे दानी दिरना तदीम दिर दिर दानी तनोम तोम तानोम तानोम तोम ।

बोल ताल एकताला पुराना ।

ऐ आज कौन बन जां चराए हो गैयां काहांलो लगाई एती बेरं । बैठी काहां सुधलेऊं सबेरे नैनन लागीऊंसेर । अंतरा—एक बन ढूंढा सकल बन ढूंढा कहीं बन पाई सुरलीकी टेर । तानसेनके प्रभु तुम्हारे मिलनको तिलकी ओट सुमेर ।

भैरव रागका पंचम पुत्र ५ ।

इसमें सुरग्रुरु खरज, वादी पंचम, संवादी धैवत कोमल, अनुवादी गांधार अति तीव्र है । सुर ये लगते हैं—खरज मध्यम दोनों, पंचम, शुद्ध, ऋषभ सरकारी, गांधार अतितीव्र, धैवत कोमल, निषाद दोनों तीव्र । संपूर्ण है । स्वर खास ये हैं—सा नी रे ध म प ग । वक्त शामका । हिंडोल, ललित, देशकार व वसंतसे मुरक्कब है । मोसम शरदृतु । तासीर खुशी करे । देसी, शुद्ध व संकीर्ण है ।

आलाप ।

सा नी रे सा धृ ध ध नी नी म मृ म मृ म मृ म मृ नी ध नी नी मृ मृ रे सा प म ग ध रे सा । अंतरा—ग ध रे सा सा सा सा ध ध ध नी नी मृ म म म मृ म नी ध मृ मृ रे सा । आभोग—प ध सा रे ग ग ग म म म ग ग रे सा सा सा म म म ग ग रे सा सा म ग रे सा नी सा नी ध नी ध धनी प म ग रे सा ।

गत मशीतखानी ताल चोताला

दिर दों दिर दों रा दों दा रा दिर दों दा रा दिर दों दिर दों रा दों दा
६ ५ ७ १ ३ ३ ३ ४ ५ १० १० १० ९ ९ ९ ९ १० १३ १२

रा दिर दों दा रा । तोडा समसे—दों दा रा दिर दों दिर दा रा दों दिर दों
१२ १३ ९ ७ ६ ८ १२ १५ १४ १४ १४ १४ १२ १२ १२ १२

रा दों दा रा दिर दों दिर दा रा दों रा दों रा ।
१३ १० १० ९ ९ १० १० १३ १२ १० ९ ७ ५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गत पूरबी बाजकी ताल फरोदस्त ।

दाँ राँ दाँ रा दा दाँ रा दा दाँ रा दाँ दिर दाँ रा दाँर दार दा दाँर दा दाँर
६ १२ १० १० १० ९ ९ ९ १० १३ १२ १३ १३ १० ९ ७ ३ ११ १० ९
दा दाँ रा दा दाँ रा दाँ दिर दिर दिर दाँर दार दिर । तोडा—दाँ दा रा दाँर
८ ३ ७ ६ ३ ३ ५ ५ ६ ६ ६ ५ ७ ८ १२ १४ १४
दा रा दाँ दा रा दाँ रा दाँ दिर दिर दिर दाँर दार दा दाँर दा दाँर दाँ रा
१४ १४ १४ १४ १४ १२ १२ १२ १३ १३ १० १० १० ९ ९ ९ १० १३ १३
दा दाँ दिर दाँ रा दाँ रा दाँ दा रा दिर ।
१० १० १४ १३ १० १२ १० ९ १० ७ ३

सरगम ताल कोकला ।

साँ नी रे सा धं ध नी नी म म मं म मं नी धं नी नी म नीं ध मं म पम
३ ३ ४ ५ १० १० १० ९ १० १३ १२ १०
गं ध रें सा । अंतरा—गं ध सा सा साँ सा साँ सा ध ध धं नी नीं म मं म
१० १० १०
म म मं म मं म म प गं ध रें सा ।
१० ९ ९ ९ ९ ९ १० ३

तराणा ताल रूपक ।

तोंदीम दीम तादिमँत नानारे तदारे ऊदतें नादिर नादिमे दिम तारे दोनी तनोम् ।

बोल ताल तिलवाडा पुराना ।

नई ऋतु नयो फल नई बेल बनाई नई कलीयनको नयो रस । अंतरा—नए द्रुम नए पात हरी हरी डारीयां तापर भंवरा भयो वस ।

भैरव रागकी भार्या बिलावली १ ।

इसमें सुर गुरु गांधार है और वादी गांधार, संवादी धैवत, अनुवादी पंचम, विवादी मध्यम है । खास सुर ये हैं—ग प ध नी स रे । देशी व संकीर्ण है । सुर ये लगते हैं—खरज पंचम शुद्ध, ऋषभ गांधार धैवत निषाद तीव्र । बिलावल, सारंग व गोडसे मुरक्कब है । वक्त पहर दिन चढे । मोसम शरदृतु । तासीर खुशी पैदा करे । यही बिलावल श्रुतियोंमें फरक होकर हिंडोलकी रागिणी हुई है । खादु, देशी व संकीर्ण है ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आलाप।

ग ग ग प ध ध ध प ग ग प ध नी ध ध प ग ध प ग रे सा। अंतरा—प ध नी सा सा सां सा सा नीं ध प रे सा नी ध प ध ध प ग . ग रे सा। आभोग—ग प ध सा सा सा ग ग ग ग रे रे ग ग रे. रे सा सा ध ध ध प प ग रे रे ग ग रे नी नी सा रे सा नी ध प ग ग प ग रे सा।

सरगम ताल चौताला।

गँ ग ग प धँ ध ध प गँ रे गँ प धँ ध प ग गँ ग ग रे पँ ग रेँ सा।
अंतरा—गँ प ध नी सां सा सा सा सां सा गँ ग रेँ सा नीं ध नीं ध प ग गँ गँ रे सा।

गत मशीतखानी ताल फरदोस्त।

दाँ दा रा दाँ रा दा दाँ रा दिर दाँ रा दाँ दिर दाँ रा दाँ दा रा दिर दाँ दा
८ ८ ८ ११ १२ १२ १२ ११ ९ १२ १३ १२ १२ ११ ८ १२ ११ ८ ८ ७ ६
रा दाँ दा रा दाँ दा रा दाँ दा दाँ रा दाँ रा दाँ दिर दा रा। तोडा—दाँ रा दा
५ ३ ३ ३ २ २ ३ ६ ६ ६ ५ ७ ७ ८ ८ ७ ६ ११ १२ १३
दाँ दा दा दाँ रा दा दाँ दा दाँ दिर दाँ रा दाँ दा रा दिर दाँ दा रा दाँ दा रा
१४ १४ १४ १४ १३ १२ १३ १२ ११ ९ ८ ७ ८ ११ १२ १३ १४ १४ १४ १५ १४ १३
दाँ दा रा दाँ रा दाँ दिर दाँ रा दाँ दा रा दिर।
१२ ११ ९ ८ ७ १२ १२ १२ ११ ९ ८ ७ ६

गत फिरोजखानी ताल खम्सा।

दरेँड दा रा दाँ दार दा दाँ रा दा रा दाँ रा दा दा रा दाँ दाँर दा दा दाँ
८ ८ ७ ८ ११ १२ १३ १४ १३ १२ ११ ८ १२ १२ १२ ११ ८ १२ ११ ८
दिर दिर दिर दाँर दार दिर दाँ रा दा दा रा दाँ। तोडा समसे—दाँ दाँ दिर
७ ६ ५ ३ २ १२ ६ ७ ८ ८ ७ ६ ८ ११ १२
दाँ दिर दिर दिर दाँर दार दा दाँ रा दा दा रा दाँ धेरेँड दा रा दारे दार दिर
१३ १४ १४ १४ १३ १२ ११ ९ ११ ७ ८ ११ १२ १४ १३ १२ ११ ८ १२
दाँ दिर दा रा दाँ रा दा दा रा दाँ।
११ ९ ८ ८ १२ १२ १२ ९ ८ ७

तराणा ताल फरोदस्त।

तोंनोम तों नोम तोम तनूँम दिभे तेंदानी दिरँ दिर दानी।

बोल ताल तलवाडा पुराना।

जो जाँओ वहां जहां रैनैं बसें। लटपटे पेच पांग नैनें अलसोंने अध—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

रैं कपोल तंबोल रंचे । अंतरा—तिहारी प्रीत औरन संग लागी भोर भई उठ आन हंसे । बिन तागतकी माला ओ पचे कौन चातुर गरला कसे ।

भैरव रागकी भार्या सुहा २ ।

सुहा भैरव रागकी भार्या है । इसमें सुर गुरु पंचम है, वादी खरज, संवादी पंचम, अनुवादी निषाद है । आडू है । खास स्वर ये हैं—सा ग म प नी । देशी व संकीर्ण है । वक्त मोसम बहारमें, हर वक्त दूसरे मोसममें दश बजे दिनके । स्वर ये लगते हैं—खरज पंचम शुद्ध, मध्यम दोही, ऋषभ धैवत शुद्ध, गांधार निषाद कोमल । मालसरी, शुद्ध, विभास, बिलावल व बागेसुरीसे मुरक्कब है । सुहु जो पुत्रोंमें लिखा है और सुहा जो भार्यामें लिखी है एकही है । सिर्फ श्रुतियोंमें कुछ फरक है जिससे सूरत बदलती है । आलाप वगैरह पहले शुरूमें लिखी हैं जिससे यहां सिर्फ गतही लिख दी है ।

गत मशीतखानी चोताला ।

दिर दां दिर दां रा दां दा रा दिर दां दा रा दिर दां दिर दां रा दां दा रा
७ ८ ७ १० १० ७ ८ ९ ६ ८ ९ १० ८ ८ १० ११ ११ १० ११ ११
दिर दां दा रा । तोडा समसे—दां दा रा दिर दां दिर दा रा दां दा रां दिर
७ ८ १० ११ ११ १० ९ ७ ५ ३ ४ ५ ३ ६ ८ ६
दां दिर दा रा दां दा रा ।
९ ७ ८ ९ ८ १० ११

भैरव रागकी भार्या सोरठी ३ ।

इसमें सुर गुरु निषाद है, वादी कोमल निखाद है, संवादी तीव्र धैवत है, अनुवादी तीव्र ऋषभ है । स्वर ये लगते हैं—खरज शुद्ध, ऋषभ गांधार तीव्र, मध्यम पंचम शुद्ध, धैवत तीव्र, निषाद कोमल । वक्त पहर रात पीछे । खास स्वर ये हैं—नी सा रे म प ध । खाडु, देशी व संकीर्ण है । सारंग, गुजरी, पंचम, गांधार, भैरवी व बेंगालसे मुरक्कब है । इसकी दो किस्म हैं । सोरठी या सोरठ और सारंग सोरठ या गिरनारी सोरठ । मोसम शरद्दतु । तासीर खुशी पैदा करे ।

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आलाप ।

नी सा रे म प ध ध ध प रे म प रे म रे सा रे नी सा । अंतरा–रे म प ध सां सा नी सा नी सा रे नी सा नी सा नी रे सा ध प म रे प म रे सा । आभोग–म प ध ध सा सा नी रे सा रे ग ग म म ग रे नी सा सा सा नी सा नी सा नी रे सा ध प सा नी रे सा ध प म रे प म रे ग रे सा ।

सरगम ताल खम्सा ।

नी सा रे म प ध ध ध प म रे प म रे सा रे सां । अंतरा समसे–म प ध सा नी सा नी सा नी रे सा सा ध प रे म रे सां ।

गत मशीतखानी ताल ब्रह्म ।

दां दा रा दिर दां दिर दा रा दां रा दां दा रा दिर दां दिर दां रा दां दा रा दिर दां रा दां दिर दां रा । तोडा समसे–दां दा रा दा दां रा दा रा दां दिर दां रा दा रा दां दिर दां रा दां दा रा दिर दां रा दां दिर दां रा ।

गत पूरबी बाजकी ताल फरोदस्त ।

दां दा रा दां रा दा दां रा दा दां रा दां दिर दां दा रे दा दा रा दां रा दा दां रा दा दां रा दा दां रा दां दिर दिरे दिर दांर दार दिर । तोडा–दां दा रा दां दा रा दां दा रा दां रा दां दारे दा दां रा दा रा दां रा दा दां रा दा दां रा दा दां रा दिरे दिर दिरे दिर दांर दार दा ।

तराना ताल जपताला ।

दांनी तानुम तदानी दांनी तदेरदानी दिर नांदिम तों दिम तनोम तोम दिरे दिरदानी ।

बोल ताल तिताला ।

लांडी जीनेहेली कोण लंगन लंगी । अंतरा–बात करणरी घात विचारा चितसुं हीतन चंगी । आसव छाक छकीया आरखजोने वीरेह जगी । जो

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शीतल उपचार जणावा धखेद हेनदगी । रसिक सनेही पिये किम अरण पूरण प्रीत पगी । दोहा—नैन न चाहे निरखणो, जीह न चाहे जाब । तिणसू किण बिद छेडजे, बात करणरो बाब ।

भैरव रागकी भार्या ।

४ कुंबारी—यह धनासरी और सुरअष्टक्से मुरक्कब है । ५ इदीयादी—इसका हाल मालूम नहीं हुआ । ६ भीलगूजरी—यह देसकार, रामकली, बेंगाल व गुजरीसे मुरक्कब है । ७ पटचंचली—इसका हाल मालूम नहीं हुआ । ८ मीरी—इसका हाल मालूम नहीं हुआ । इनका हाल मालूम नहीं हुआ जिससे नहीं लिखा गया, नाम तथा जो हाल मालूम हुआ सो लिखा गया ।

मालकोस राग ।

मालकोस राग खालिस है । इसमें सुर गुरु खर्ज, वादी मध्यम, संवादी गांधार, अनुवादी धैवत, विवादी ऋषभ व पंचम है । वक्त पिछली पहर रात । शुद्ध, देशी व आदू है । खास स्वर ये हैं—सा ग म ध नी । पहले मारग था उसकी सरगम सा रे ग म प ध नी थी । परन्तु अब मारग मनसूख हुआ और आदु रिवाजमें है । परजी, बाहरी व हिंडोलसे मुरक्कब है । तासीर खुशी पैदा करे । मोसम शिशिर ऋतु । स्वर ये लगते हैं—खरज मध्यम शुद्ध, बाकी कोमल हैं । इसे पार्वतीजीने पैदा किया है । इसके गानेमें स्वर सच्चे लगनेपर पत्थर पिघलता है ।

आलाप ।

अ ने ना ने अ ना अ अ अ अ नाने नानेनेना री ए अ अ ने ने ना अ अ तोम

म नी ध नी सा म म म म म ग म ग म ग ग ग म ग ग सा ।

अंतरा—म ग म सा सा सा नी ध नी सा ध ध नी ध म म नी ध ध म नी ध म ग ग सा । आभोग—म सा सा सा नी ध नी सा म म म म ग ग म ग म ग ग ग सा म ग सा म म सा ग ग सा नी ध ध ध नी नी ध ध ध ध ध म नी ध म ध म म म ग ग सा ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

सरगम ताल खम्सा।

सां नी ध नो सा सा म म मे म म ग मे म म ग ग सां । अंतरा--मे सा सा नी धे नी सा सा धे ध नी सा नी ध म म ग सां।

गत मसीतखानी ताल आडा चौताला।

दां दा रा दिर दां दिर दा रा दां रा दां दिर दा रा दां दा रा दिर दां दिर दा रा दां दिर दां रा दा रा। तोडा—दां दा रा दिर दां दिर दा रा दां रा दां दिर दा रा दां दा रा दा दां रा दा रा दां दिर दां रा दा रा।

गत पूरबी बाजकी ताल कोकला।

दरांड दा रा दां रा दां दा रा दा धं दिर दिरं दिर दारं दार दा दां रा दां दिर दा रा दां रा दां रा । तोडा—दां दार रा दां रा दां दा रा दा दां दिर दां रा दारं दार दिर दां दिर दां रा दा रा दां दिर दिरं दिर।

तराणा ताल तिताला।

ना ना नां दिर दिर दिम त दिम दिरं नां तनं दिर नां ता ना नां दिरं दिर दिमं तदि मं त नोम तं दिम तनं तन दिर नां।

बोल पुराना तितालामें था चौतालामें किया।

पी र अ न जां नी ओं हो हो पि इ या दें खी ति हा रिं अ नो खी री ई ई त। अंतरा—हं म को छा डें के अं त बीं ल म र हें को न मों म कीं री ई त।

मालकोश रागका जोड।

सा नी ध नी सा सां सा सा सा नि ध नि सा म म म म म म म ग ग सा सा सा सा सा म म म म म म म म म ग म सा सा सा. सा सा नी ध म नी नी ध म म नी ध ध म म म नी नी ध ध नी नी ध ध म म म म सा सा सा

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सा सा म म म म म म ग ग सा सा सा सा सा नी ध म नी नी ध नी नी ध म म म ग म नी ध म म नी ध म म म ग ग सा सा सा सा सा म म म म सा नी ध म म ग ग सा सा सा सा । हर जगह सा सा पर सम है।

चतुरंग ताल ब्रह्म ।

सां नी ध नी सां म म म म म म म म म म ग ग सां सा म म म म नीं नी ध नी नीं ध म म । चतुरंग ताल ब्रह्मकी करें बतावे गुनीयन सुं सिर नीवांवे बजावे परन । धां किट तिकिट तिकाकिट धुमाकिट धांकिट धिनि-निक धिनिनिक धां त्रिककिट तिकाधां किट तिक धुम किंट तिका गदि-गिन धाकेत कुकुथो । आरोही याते अवरोही मालकोश सीद्ध होई सा ग म ध नी नीं ध म ग सां अली अलें लोम लोतें तान तोमें त नें न न न नां दीर तोमें त नां ना ना त दीमें ता दीमें दिम तां नोम तानोम तेंन दिरना दरी याना रेते दानो तई तीयाईयो दारी यल मनतं दिर दानी दिरनां ये तींहारी केसी ही प्रीत हमको छाडके काहां चले गये देखिं येही आनोखी रीत।

मालकोशकी रागिणी गोरी १ ।

इसमें सुर गुरु खर्ज, वादी धैवत, संवादी गांधार, अनुवादी खर्ज, विवादी ऋषभ व पंचम है, जिससे ऋषभ सकारी व पंचम कोमल लगे। वक्त तीसरे पहर पीछे श्याम तक । मारग व संकीर्ण है। अकसाम दो हैं शुद्ध गोरी और जेती गोरी । यह आदु है । खास स्वर ये हैं—सा ग म ध नी । स्वर ये लगते हैं—खरज शुद्ध, ऋषभ सकारी, गांधार तीव्र, मध्यम कोमल, पंचम कोमल, धैवत सकारी और निषाद तीव्र । जैजै-वंती, आसावरी शुद्ध व सोरठसे मुरक्कब है । मोसम शिशिर ऋतु । तासीर वियोगी खुशी पैदा करे ।

आलाप ।

आ अ अ ना ने ने ने ई ई रे ए ना आ ने ना अ तो म।
सा प ध म म ग रे रे ग रे म्र म ग़ रे ग़ ग़ रे सा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अंतरा—प ध सा सा सा रे रे रे ग रे सा सा सा ध प म ग ग ग म म ग रे ग ग रे सा। आभोग—म म सा सा सा सा सा सा रे सा ग रे सा ग ग म म म ग ग रे रे सा सा सा ध प म ग ग रे म म ग रे ग रे ग ग रे सा।

सरगम ताल खम्सा।

सां प ध म मं ग रे रे गं रे म म गं रे ग ग रे सां। अंतरा—पं ध सा सा सां सा सा सा रें रे ग रे सां सा सा सा ध पं सां सा ध प मं म ग ग गं रे ग रे मं म ग रे सा सां।

गत मशीतखानी ताल ब्रह्म।

दां दा रा दिर दां दिर दा रा दां दिर दां रा दा रा दां दिर दां रा दां दा रा दिर दां दिर दां रा दां दिर दा रा। तोडा—दां दा रा दिर दां दिर दा दिर दां रा दां रा दा रा दां दिर दां रा दां दा रा दिर दां दिर दां रा दां दिर दा रा।

गत फीरोजखानी ताल तीव्रा।

धरांड दां रा दांर दांर दिर दां दिर दिरं दिर दांर दां र दा। तोडा—दां रा दां दांर दां रा दां दिर दिरं दिर दांर दां र दा दिरं दिर दांर दांर दा दां रा दां दिर दिरं दिर दांर र दां दा।

तराणा ताल तिताला।

तादिमं तना नां नारे दिर दिरं तुम तंन दिरना ऊदनंत नी थ्री लागतुम दिरं दिरतुमं दिरना।

बोल ताल तिलवाडा पुराना।

बुंदापीया मेरी जान रंसदीयावें ए। अंतरा—घडानी वडोलावारीवे पानी नो चलीवेए माईया मिल गीया मेहरम यार रसदीईयावेए।

मालकोस रागकी रागिणी टोडी २।

इसमें सुरखुरु खर्ज, वादी गांधार, संवादी धैवत, अनुवादी तीव्र

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मध्यम है। वक्त पहर दिन चढे। संपूर्ण है। खास स्वर ये हैं—सा ध नी रे ग म प। स्वर यें लागते हैं—खरज पंचम शुद्ध, मध्यम निषाद तीव्र, ऋषभ गांधार धैवत सकारी। मारग व शुद्ध है। आसावरी, धनासरी, व षटसे सुरकब है। अकसाम १२ हैं सो तफसील आगे लिखी है। तासीर वियोग पैदा करें। मोसम शिशिरऋतु।

आलाप।

सा ध नी सा रे ग ग ग म प ध प म ग रे सा। अंतरा—ग ग म प ध नी नी नी सा सा सा सा ध नी सा सा नी नी ध प म प ध प म ग रे सा आभोग—म प ध नी नी सा सा सा सा सा सा रे ग ग ग ग रे सा ग ग रे रे सा सा रे ग ग म ग ग रे सा सा ध नी नी सा सा ध प म प ध प म ग रे सा।

सरगम ताल चौताला।

सा ध नी सा रे ४स ग ग ग म प ध प म प ध प म ग रे सा ग ग रे सा। अंतरा—ग ग म प ध ४स नी नी सा सा सा सा सा सा ध नी नी नी ध प म ग ग रे सा।

गत मशीतखानी ताल तिताला।

दिर दां दिर दा रा दां दा रा दिर दां दिर दा रा दां दा रा। तोडा—दिर दां दिर दा रा दां दिर दा रा दां दिर दा रा दां दा रा।

गत फीरोजखानी ताल खम्सा।

दां दा र दा दां दिर दिर दिर दांर दार दा दां रा दा दा रा दां दां रा दिर दां दिर दा रा दां रा दा रा दां रा दा दा दा रा दां। तोडा—दां रा दा दा रां दा दा रा दां दिर दा रा दां रा दा दा रा दां दांर दा रा दां रा दा रा दांर दार दा दां रा दा दा रा दां।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

